कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय

श्री राजीव चंद्रशेखर ने झारखंड में ग्रामीण उद्यमी योजना के तहत सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा करने वाली 200 जनजातीय महिलाओं को सम्मानित किया

कौशल नए भारत के भविष्य के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैः राज्यमंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर

Posted On: 18 JAN 2023 6:41PM by PIB Delhi

मुख्य बिन्दु-

- 200 से अधिक जनजातीय महिलाओं को प्रमाण पत्र दिए गए, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट के तीसरे चरण के तहत अपना कौशल प्रशिक्षण पूरा किया।

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर ने आज कहा कि नये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में केंद्र सरकार इस दिशा में काम कर रही है कि नये भारत में सबके लिए नये अवसर हों।

गुमला के बिशुनपुर प्रखंड में एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राज्यमंत्री ने कहा कि कि केंद्र सरकार 'नये भारत, नए अवसर और नई समृद्धि' उद्घोष के साथ आज कौशल

विकास एवं उद्यमिता के कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2016 में स्किल इंडिया कार्यक्रम शुरू किया था, उस समय उनके मन में यही थी कि आने वाले दिनों में इससे नए अवसर पैदा हों जिससे नई समृद्धि आए। उन्होंने बताया कि स्किल इंडिया के तहत करीब 5 करोड़ युवाओं और युवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

स्किल इंडिया मिशन के उद्देश्य का जिक्र करते हुए श्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि स्थानीय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा होने से लोगों को पलायन करने अर्थात दूसरी जगह जाने की जरूरत नहीं होगी।

उन्होंने आगे कहा कि आत्मनिर्भर भारत को लेकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का जो संकल्प है वह आत्मनिर्भर गांवों, पंचायतों और जिलों से ही पूरा होगा।

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल के दौरान देश में जो बदलाव आया है, वह नये भारत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस नये भारत में सबके लिए अवसर है। उन्होंने पुराने भारत का जिक्र करके पूर्व की सरकार के कार्यकाल से इस नये भारत की तुलना की। उन्होंने युवाओं से कहा "आपको अपने घरों के बुजुर्गों से पूछने पर पता चलेगा कि पुराने भारत में अवसर कितने कम होते थे और कौशल विकास व आगे बढ़ने के मौके कितने कम होते थे। आज हमारे प्रधानमंत्री का एक संकल्प है कि हर भारतवासी के पास मौका हो कि वो आगे बढ़े। सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ हम आगे बढ़ें।"

विकास भारती द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्किल इंडिया मिशन और संसदीय संकुल विकास परियोजना के माध्यम से ग्रामीण उद्यमी प्रशिक्षण पहल के तीसरे चरण के तहत सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाली 200 से अधिक जनजातीय महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

श्री राजीव चंद्रशेखर ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कौशल से नये अवसर के दरवाजे खुलने और समृद्धि आने की दो सच्ची कहानियां सुनाईं।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने की। भाजपा संगठक श्री वी. सतीश, राज्यसभा सदस्य श्री समीर उरांव, एनएसडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री वेदमणि तिवारी, अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री शिवशंकर उरांव बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

***

[illegible]बी/एके

(Release ID: 1892043) Visitor Counter : 187

Read this release in: English , Urdu , Punjabi , Tamil , Telugu